गेल गैस इंडिया लिमिटेड के तत्वाधान आज एक भाषण प्रतियोगिता

दिनांक 10-09-18 सेन्ट जॉन्स सीनियर सैकेन्ड्री स्कूल में गेल गैस इंडिया लिमिटेड के तत्वाधान आज एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता का विषय था 'भ्रष्टाचार मिटाओ नया भारत बनाओ' इस कार्यक्रम में शहर के लगभाग 25 स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती अनीता मिश्रा डिविसिनल कमिश्नर मेरठ तथा श्रीमती भावना सिंह D.E.O मेरठ रहे। निर्णायक मंडल मे मनोचिकित्सक श्रीमती पूनम देवदत, डॉ दीपती शुक्ला तथा कुमकुम सिंह आदि रहे। इस प्रतियोगिता में सभी विभिन्न स्कूलों से आए छात्रों ने पूर्ण आत्मविश्वास के साथ अपने विचार रखे। कोई देश मे फैल भ्रष्टाचार से आहत था तो कोई भ्रष्टाचार मिटाने को आश्वस्त। प्रतियोगिता मे अँग्रेजी भाषण में प्रथम स्थान पर सेन्ट जॉन्स सीनियर सैकेन्ड्री स्कूल से नितिन राणा, दूसरे स्थान पर के. ल. इंटरनेशनल स्कूल से स्वस्तिक द्विवेदी तथा तिसरे स्थान पर सेन्ट जॉन्स सीनियर सैकेन्ड्री स्कूल से सिद्धि बंसल रहे साथ ही हिन्दी भाषण में पी. जी. म. इंटरनेशनल स्कूल से शिवली मिश्रा, दूसरे स्थान पर बी. बी. स. स. म. स्कूल से राम मिश्रा तथा तिसरे स्थान पर सेन्ट फ्रांसिस कान्वेंट स्कूल से मयंक पँवार रहे। प्रथम स्थान पर आए प्रतिभागी को 5000 रुपये दूसरे स्थान पर 3000 रुपये तथा तिसरे स्थान पर आये प्रतिभागी को 2000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के अंत मे उपस्थित सभी अतिथियों ने भ्रष्टाचार के ऊपर अपने- अपने विचार व्यक्त किये।